Title: Regarding Regularisation of casual workers in Portblair Muncipal Council and filling up vaccant post in Government jobs by local youth.

श्री कुलदीप राय शर्मा (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह): सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक ही पोर्टब्लेयर म्यूनिसिपल काउंसिल है और इस काउंसिल में करीब 902 डेली वेजेज मजदूर और कैजुअल वर्कर्स काम करते हैं । ये करीब 10-15 साल से काम कर रहे हैं । इनकी माली हालत बहुत वीक है । मैं सरकार से रिक्वेस्ट करता हूं कि जो 902 डीआरएम कैजुअल साथी हैं, उनके लिए वन टाइम पालिसी बनाई जाए और इन सभी को एक साथ रेग्युलर किया जाए । उनकी आयु खत्म हो गई है और उनकी फिजीकल कंडिशन्स भी ठीक नहीं हैं क्योंकि समाज का सारा कूड़ा ये उठाते हैं । उनके पास दूसरा स्कोप नहीं है कि वे दूसरी जगह नौकरी कर सकें ।

महोदय, मेरा एक विषय और है कि अंडमान निकोबार प्रशासन के पास 10 हजार सरकारी नौकरियों के पद रिक्त हैं । उन्हें धीरे-धीरे भरना शुरू कर दिया है । मैंने पहले भी सदन में इस बात को उठाया था कि इन रिक्तियों को अंडमान निकोबार के जो नौजवान बच्चों द्वारा भरा जाए । यह देखने को मिलता है कि अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा ऑनलाइन भी प्रोसेस होता है और दूसरे राज्यों से भी मैक्सिमम बच्चे एप्लाई करते हैं और वे यहां के बच्चों से ज्यादा क्वालीफाइड होते हैं और यह जॉब उन्हें मिल जाता है । इससे अंडमान निकोबार के यूथ में बहुत रोष है । मैं रिक्वेस्ट करता हूं कि ये 10 हजार पोस्ट्स अंडमान निकोबार के बच्चों द्वारा भरी जाए ।